Speed Post

भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES

6th floor, 'B' Wing, Loknayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003.

**File No. TGM/2/2019/MCVL1/SEOTH/RU-III** **Date: 19.07.2019**

To,

**The Chairman and Managing Director,**
**Air India Limited**
**Airlines House, 113,**
**Gurudwara Rakabganj Road,**
**New Delhi - 110 001**

**2.**

Sub: **Minutes of the Meeting held on 08.07.2019 under Chairmanship of Hon'ble Vice-Chairperson of National Commission for Scheduled Tribes (NCST) in case of** Representation dated 01.05.2019 of Shri Trapesh Gopilal Meena R/o D-50, Jwalamukhi Hostel, IIT Delhi, Hauz Khas, New Delhi Complaint regarding job in air india engineering service limited.

I am directed to enclose herewith **Minutes of the Meeting** held on **08.07.2019** on the above cited subject.

**It is, requested that action taken report in the matter may please be sent to the Commission within 15 days.**

Encl: As above.

**Yours faithfully,**

**(Dr. Lalit Latta)**
**Director**

**Copy for information:**

1. Shri Trapesh Gopilal Meena,
R/o D-50, Jwalamukhi Hostel, IIT Delhi,
Hauz Khas, New Delhi
**E-Mail:** trapesh.meena1012@gmail.com

2. PS to Hon'ble Vice-Chairperson, NCST

3. SAS, NIC, NCST upload on the web site.

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F. No.- TGM/2/2019/MCVL1/SEOTH/RU - III)

श्री तरपेश गोपीलाल मीणा, डी-50, ज्वालामुखी छात्रावास, आई आई टी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली द्वारा एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड में नियुक्ति देने के संबंध में दिए गए अभ्यावेदन के मामले में, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की माननीय उपाध्यक्ष सुश्री अनुसुईया उइके की अध्यक्षता में दिनांक 08.07.2019 को आयोग में आयोजित बैठक का कार्यवृत।

बैठक की तिथि : 08.07.2019

बैठक में उपस्थित अधिकारी : परिशिष्ट

---

1. श्री तरपेश गोपीलाल मीणा, डी-50, ज्वालामुखी छात्रावास, आई आई टी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली द्वारा एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड में नियुक्ति देने के संबंध में अभ्यावेदन दिया था जिस पर आयोग ने संज्ञान लेते हुए दिनांक 03.05.2019 को नोटिस जारी कर जानकारी मांगी थी।
2. प्रकरण में एअर इंडिया से कोई जवाब प्राप्त नहीं होने पर दिनांक 31.05.2019 को स्मरण पत्र जारी किया गया था। माननीय उपाध्यक्ष महोदया के निर्देशानुसार दिनांक 03.07.2019 को बैठक आहूत की गई थी जिसे परिवर्तित कर पुनः दिनांक 08.07.2019 को बैठक आहूत की गई। बैठक में एअर इंडिया इंजियनियरिंग सेवा लिमिटेड के अधिकारी श्री एच. आर. जगन्नाथ (सीईओ), श्री सतीश कुमार (एजीएम), बिधान चंद्र विश्वास(चीफ पर्सनल) उपस्थित हुए थे।
3. आयोग ने पहले अभ्यावेदक को अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा, श्री तरपेश गोपीलाल मीणा ने बताया कि उन्होंने एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड (AIESL) में सितंबर 2016 में सपोर्ट इंजिनियर के पद के लिए आवेदन दिया था। रिक्ति के नियमावली में यह लिखा था कि आवेदन के साथ सभी संबंधित दस्तावेज संलग्न कर जमा करे, साथ ही यह भी उल्लेखित था कि उम्मीदवार को 1 जुलाई 2016 को अहर्ता पूरी करनी होगी। उनके विश्वविद्यालय द्वारा 8 अगस्त 2016 को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नियमावली में यह उल्लेखित नहीं था कि परीक्षा परिणाम 1 जुलाई 2016 को या इससे पहले घोषित

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

हो जाना चाहिए। इसके बाद वे गेट 2016 की परीक्षा पास हुए तथा 25 जनवरी 2018 को उनका साक्षात्कार हुआ। दिसंबर 2018 में उनको नियुक्ति प्रस्ताव (Offer of appointment) प्राप्त हुआ। इसके बाद वे कार्यालय पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि उनका इंजिनियरिंग का परीक्षा परिणाम नियमावली में घोषित तिथि के एक माह बाद प्रकाशित हुआ था इसलिए उन्हें सेवा में नहीं लिया जा सकता है।

4. एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड (AIESL) के अधिकारियों ने बताया कि इनका इंजिनियरिंग का परीक्षा परिणाम अगस्त में प्रकाशित हुआ था जबकि नियुक्ति के विज्ञापन में यह उल्लेखित था कि परीक्षा परिणाम 1 जुलाई 2016 या इससे पूर्व प्रकाशित होना चाहिए। कंपनी के सामने कई मामले ऐसे आते हैं जिसमें उम्मीदवार द्वारा कहा जाता है कि परीक्षा परिणाम ऑनलाइन घोषित हो चुका था लेकिन प्रकाशित नहीं हुआ था। ऐसे मामलों में कंपनी विचार करती है। श्री मीणा को भी कहा गया है कि वे अपने संस्थान से इस संबंध में लिखित जानकारी दें कंपनी उस पर विचार करेगी।
5. अभ्यावेदक ने कहा, संस्थान ने परीक्षा परिणाम देर से प्रकाशित किया इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड द्वारा उनके मामले में प्रक्रिया चल रही थी। कंपनी द्वारा उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया गया, वे चयनित हुए हैं इसलिए उन्हें नौकरी मिलनी चाहिए। कंपनी के पास अभी 7 रिक्तियां भी है।
6. एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि श्री तरपेश गोपीलाल मीणा को नियुक्ति देने पर और भी कई उम्मीदवार इस तरह का दावा करेंगे कि उनका भी परीक्षा परिणाम अगस्त में प्रकाशित हुआ है। उनको भी इसी मामले के आधार पर नियुक्ति दी जाए। विज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया था कि परीक्षा परिणाम 1 जुलाई या इससे पूर्व प्रकाशित होना चाहिए।
7. दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात आयोग ने निम्नलिखित अनुशंसा की-
    - आयोग ने यह पाया है कि तरपेश गोपीलाल मीणा का परीक्षा परिणाम देर से प्रकाशित होने में इनकी गलती नहीं है कंपनी द्वारा उनके चयन प्रक्रिया को जारी रखा गया था। उनका साक्षात्कार हो चुका है जिसमें वे चयनित हुए हैं अतः एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड द्वारा उन्हें सेवा में लिया जाना चाहिए।

उपरोक्त अनुशंसा के अनुपालन में कार्यवृत्त प्राप्त होने के 15 कार्य दिवस के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट से आयोग को अवगत कराएं ।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

परिशिष्ट

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F. No.- TGM/2/2019/MCVL1/SEOTH/RU - III)

श्री तरपेश गोपीलाल मीणा, डी-50, ज्वालामुखी छात्रावास, आई आई टी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली द्वारा एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड में नियुक्ति देने के संबंध में दिए गए अभ्यावेदन के मामले में, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की माननीय उपाध्यक्ष सुश्री अनुसुईया उइके की अध्यक्षता में दिनांक 08.07.2019 को आयोग में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मियों की सूची-

- **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**
  - (1.) सुश्री अनुसुईया उईके, माननीय उपाध्यक्ष
  - (2.) डॉ ललित लट्टा, निदेशक
  - (3.) श्री गौरव कुमार, उपाध्यक्ष महोदया के निजी सचिव
  - (4.) श्री आलोक कुमार द्विवेदी, परामर्शक
- **एअर इंडिया इंजिनियरिंग सेवा लिमिटेड के अधिकारी**
  - (1.) श्री एच. आर. जगन्नाथ, सीईओ
  - (2.) श्री सतीश कुमार, एजीएम
  - (3.) श्री बिधान चंद्र विश्वास, चीफ पर्सनल
- **अभ्यावेदक**
  - (1.) श्री तरपेश गोपीलाल मीणा